ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

दहेज में भैंस नहीं देने पर पीटा, सुसाइड किया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. दहेज प्रताड़ना से परेशान एक नवविवाहिता ने एसिड पीकर सुसाइड कर लिया। ससुरालवालों ने उससे दहेज में मुर्रा भैंस मांगी

पिछले साल हुई थी शादी, पति, सास-ससुर समेत 5 पर एफआईआर

थी। 21 साल की विमलेश बघेल की शादी इसी साल 31 जनवरी 2024 को हुई थी। पति दिनेश बघेल माधौगंज का रहने वाला है। शादी के बाद से ही ससुरालवालों ने विमलेश को दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया। पति और परिजन ने उसकी पिटाई की। अगले दिन विमलेश ने एसिड पी लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने पति, जेठ-जेठानी और सास-ससुर के खिलाफ केस दर्ज किया। सब पर दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं।

आरोपी रोज भैंस को लेकर विमलेश से मारपीट करते थे। उसके भाई के पास कई भैंसें थीं, जिनमें से एक मुर्रा भैंस दहेज में मांगी गई थी ताकि ससुराल का डेयरी व्यवसाय चले। विमलेश ने यह बात भाई को कई बार बताई, पर ससुरालवालों का रवैया नहीं बदला। मुर्रा भैंस की कीमत 1.5 से 2 लाख रुपए है।

विमलेश के भाई महेंद्र ने बताया कि बहन के जन्म के एक साल बाद पिता और फिर दो महीने बाद मां की मौत हो गई थी। तीन भाई-बहनों में वह सबसे छोटी थी और मैंने ही उसे पढ़ाया-लिखाया। शादी के बाद ससुरालवालों की प्रताड़ना से वह परेशान थी। एसिड पीने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मरने से पहले उसने ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाए।

26 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर भाई महेंद्र बघेल ने पति दिनेश बघेल, ससुर इमरत बघेल, सास विद्या बाई, जेठ हरिसिंह और जेठानी भावना बघेल पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। विमलेश के बयान, पोस्टमॉर्टम और परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने 26 दिन बाद केस दर्ज किया।

जांच में प्रताड़ना की बात सामने आई सीएसपी किरण अहिरवार ने बताया कि जांच में पुष्टि हुई है। ससुरालवालों ने दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित किया, जिससे उसने आत्महत्या की। पांचों आरोपियों पर एफआईआर दर्ज है, जल्द गिरफ्तारी होगी।



भगवान चक्रधर का विशेष श्रृंगार हुआ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. सनातन धर्म मंदिर में रमा एकादशी पर मंदिर को सजाया गया और भगवान चक्रधर एवं गिरिराज धरण का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय गोयल, प्रधानमंत्री रमेशचंद्र गोयल और कोषाध्यक्ष राकेश बंसल ने बताया कि भगवान के श्रृंगार में लाल सुनहरी किनारी की पगड़ी, मोरपंख, मकराकृति कुंडल, मोती जड़ा कंठा, कमल एवं गेंदा पुष्पमालाएं और गुलाबी पोशाक शामिल थीं।

छापा मार कर बड़ी मात्रा में गुड़ लहान व अवैध शराब जब्त

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. जिले में शराब के अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने बीते रोज भितरवार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान बड़ी मात्रा में गुड़ लहान व अवैध मदिरा जब्त की गई है। मदिरा के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा-34 (1) के तहत 8 प्रकरण कायम किए गए हैं।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई में चकमियापुर, कंजर डेरा, गोलपुरा कंजर डेरा, बसई कंजर डेरा व बामरोल में आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर 20 हजार किलोग्राम गुड़ लहान व 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की।

इसी तरह बामरोल में देवेन्द्र रावत के रिहायशी मकान से 53 पाव देशी मदिरा मसाला, 55 पाव देशी मदिरा प्लेन, 12 ब्लैक फोर्ट बीयर कैन सहित कुल मिलाकर 32.64 बल्क लीटर मदिरा बरामद की। इसी तरह देवेन्द्र रावत के रिहायशी मकान से 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद हुई। मौके पर गुड़ लहान का सेम्पल लेकर शेष गुड़ लहान को फैलाकर नष्ट किया गया एवं मौके पर कीमती चार स्टील की भट्टीया बरामद की गयी। नष्ट गुड़ लहान, अवैध मदिरा एवं 4 स्टील की भट्टियों का मूल्य लगभग 22 लाख 20 हजार रुपए आंका गया है।आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क व 49 (क), 34(1)च के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में वृत भितरवार प्रभारी द्वारा 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। यह कार्यवाही ग्वालियर कंट्रोल रूम प्रभारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश तिवारी के निर्देशन में उपनिरीक्षक सतेंद्र सिंह मीणा, शिवा रघुवंशी, सुचि जैन तथा आरक्षक उत्तम दीक्षित, अशोक शर्मा,राजेंद्र अहिरवार,रवि कुमार बघेल, कपिल गुगनानी,उदय वीर सिंह गुर्जर, बृजेश नागर, राहुल त्यागी, मातादीन धाकड़, राघवेंद्र भदोरिया,नीतू राजावत, निधि पंथ द्वारा अंजाम दी गई। अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी

वरिष्ठ समाजसेवी खुशालीराम को पत्नी शोक

ग्वालियर 18 अक्टूबर. प्रजापति समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज की अनेक संस्थाओं के अध्यक्ष रहे खुशालीराम प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नीदेवी प्रजापति 72 का निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थी, उनका इलाज कुछ दिनों से दिल्ली में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार चार शहर का नाका मुक्तिधाम पर किया गया। अंतिम संस्कार में ग्वालियर चंबल संभाग सहित अन्य शहरों के समाजसेवी भी शामिल हुए।

शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, आगरा से केप्टन श्री केशव देव प्रजापति आगरा, डॉ सुरेंद्र चंद्र फरीदाबाद, श्री काशी बाबा देवस्थान ट्रस्ट सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, युवा शाखा के पूर्व जिला अध्यक्ष होतम सिंह प्रजापति, प्रहलाद विश्वकर्मा, रामबाबू प्रजापति, भागीरथ प्रजापति सहित अनेक गणमान्य समाजसेवी शामिल हैं।

त्योहारों को लेकर पार्षद सफाई व्यवस्था में व्यस्त

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. पार्षद धर्मेंद्र किरण वर्मा द्वारा छत्रपति शिवाजी वार्ड क्रमांक 17 समस्त सफाई नगम कर्मचरियो के द्वारा हर गली में झाडू प्रत्येक गली में नाली की सफाई प्रत्येक गली में हाथ ठेले द्वारा कचरे को उठाया गया एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कराया गया एवं बर्फ कारखाने के सामने ट्रैक्टर ट्राली लगाकर कचरा उठवाया गया एवं पंजाब वाली नाली खुलवाई गई एवं सैया विश्रामगृह से लेकर गाडर वाली पुलिया तक कचरा उठाया गया एवं साफ सफाई कराया एवं बंसल कंपाउंड साफ सफाई एवं कचरा उठाया गया एवं बंद पड़ी सभी स्टील लाइट सही करवाई गई वार्ड क्रमांक 17 की प्रत्येक गलियों में बंद पड़ी सभी स्टील लाइट चालू करवाई गई कांच मिल अरामिल इंडस्ट्रियल एरिया रोड मेंन रोड की भी सभी स्टील लाइट चालू करवाई गई

जिससे कि दीपावली के पावन पर त्योहार पर किसी को भी रोशनी से वंचित नहीं रहना पड़े पार्षद ने कहा अगर किसी जगह की भी स्टील लाइट बंद हो तो मुझे तुरंत बता दें प्रयास करूंगा कि आपके दरवाजे की भी स्टील लाइट सही हो जाए और अगर कहीं की भी कोई सीवर समस्या हो तो बता दें कल सुबह सही करवा दी जाएगी सफाई अगर कहीं पर भी कोई गंदगी पड़ी हो तब भी मुझे बता दें वैसे मैं खुद ही घूम कर देख कर सफाई करवा देता हूं फिर भी मैं कहीं नहीं पहुंच पाऊं तो मुझे तुरंत बता दें जिससे कि मैं सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द करवा सकूं।

तापमान- दिन का बढ़ा, रात का एक डिग्री गिर गया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. ग्वालियर के मौसम ने धीरे-धीरे अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रात में ठंडी हवाओं के बीच न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस गिर गया है। रात और सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। दिन में धूप लोगों को बेचैन किए हुए है। रात में पंखे बंद हो गए हैं और सोते समय कंबल-चादरों की जरूरत पड़ने लगी है।

शहर में सूरज ढलते ही ठंडी हवाओं से मौसम खुशनुमा हो रहा है। देर रात और सुबह के समय तापमान गिरने से हल्की सर्दी लोगों को कंपकंपाने लगी है। मौसम में बदलाव के कारण रात और सुबह के समय लोग गर्म कपड़ों में निकल रहे हैं। वहीं अस्पतालों में बड़ी संख्या में बच्चे और बुजुर्ग वायरल का शिकार होकर पहुंच रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, हवा की दिशा उत्तर-पूर्वी होने से रात का तापमान स्थिर बना हुआ है।

17 डिग्री पर आया न्यूनतम तापमान बीते चौबीस घंट में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरवाट दर्ज की गई। बीते रोज न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं आज शनिवार को न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। वहीं बीते रोज अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़त के साथ 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि यह भी सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

सड़कों को जगमग करने देर रात्रि तक लगाई जा रही है लाइट

ग्वालियर 18 अक्टूबर. दीपोत्सव के पर्व पर शहर के किसी भी क्षेत्र में अंधेरा ना रहे इसको लेकर नगर निगम के विद्युत विभाग द्वारा लगातार देर रात्रि तक कार्य कर स्ट्रीट लाइट सही की जा रही है तथा नई लाइट लगाई जा रही हैं। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में सहायक यंत्री श्री रामबाबू दिनकर एवं श्रीमती अभिलाषा बघेल द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर शहर के सभी क्षेत्रों में मुख्य मार्गो की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है.

दीपावली पर बढ़े सब्जियों के दाम, आवक हुई कम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. दीपावली के पर्व पर सब्जी का आवक कम होने पर सब्जी महंगी हो गई है। इसके चलते बाजार में सब्जी के दाम बढ़ चुके है। नया आलू जो 25 से 30 रुपए के बिक रहा था, जो कि अब 40 रुपए पर पहुंच गया है। 30 रुपए में बिकने वाला टमाटर बाजार में 40 रुपए बिक रहा है।

दीपावली पर्व पर खेतों में काम करने वाले मजदूरों के काम कम

करने अथवा नहीं करने के कारण सब्जी की आवक थोक व्यापार मण्डी में कम हो गई है। इसके चलते फुटकर मार्केट में सब्जियों के दाम करीब 10 रुपए किलो बढ़ गए हैं। इसका सीधा असर आमजन पर पड़ रहा है, क्योंकि दीपावली पर्व के चलते शहरवासी अपने घरों में अमूमन दो से अधिक सब्जियां बनाते हैं।

मार्केट में सब्जी के दाम

आलू इंदौरी 40, आलू 25 बैगन 40 तुरई 60 किंगुरी 70 परमल 100 शिमला मिर्च 100 खीरा40 लौकी 40 पालक 60 टमाटर 40 पत्ता गोभी 40 फूल गोभी 80 प्याज 20 टिंडे 100 मिर्ची 80 नींबू 80 अदरक 60 धनिया 200

अग्नि दुर्घटना होने पर इन नम्बरों पर दें जानकारी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 अक्टूबर. दीपावली के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की संभावना को देखते हुये नगर निगम ग्वालियर द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। जिस पर शहर का कोई भी नागरिक अग्नि दुर्घटना होने पर तत्काल सूचना दे सकता है।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर दीपावली के पर्व के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की संभावना को देखते हुये विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। दीपावली त्यौहार के अवसर पर किसी भी अग्नि दुर्घटना की सूचना फायर मुख्यालय रुपसिंह स्टेडियम के नम्बर पर 0751-2438361, 101, 2342101, 2342102, 2340489, के साथ ही मुरार सब फायर स्टेशन 0751-2438324 पर एवं महाराज बाडा सब फायर स्टेशन 0751-2438326, आनंद नगर सब फायर स्टेशन 0751-2438368, दीनदयाल नगर फायर स्टेशन 0751-2438227, गुड़ा गुड़ी का नाका फायर स्टेशन 0751 2456311 आदि दूरभाष के साथ ही अपर आयुक्त श्री मुनीश सिकरवार मो 9039026639, उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव मो. 9644405751, 9425117119 नोडल अधिकारी फायर श्री उमंग प्रधान मो. 8103984383, सुपरवाइजर श्री अनुज शर्मा मो 8839327602 नम्बर पर जानकारी दी जा सकती है।

मानव अधिकार प्रोटेक्शन ने बच्चों के साथ मनाई दीपावली

ग्वालियर 18 अक्टूबर. शनिवार को धनतेरस के अवसर पर मानव अधिकार प्रोटेक्शन जिला इकाई ग्वालियर द्वारा जरूरतमंद बच्चों के बीच दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झांसीरोड स्थित साइंस कॉलेज के पास झोपड़ पट्टी में रहने वाले बच्चों एवं उनके परिजनों के बीच प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र झा, प्रदेश संरक्षक वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन, जिलाध्यक्ष रेखा गंभीर ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर बच्चों को फुलझड़ी फटाखे व मिठाइयां बांटी, साथ ही दीप जलाकर सभी को बधाई दी और बच्चों के साथ अनार फटाखे भी जलाए। इस अवसर पर रवि जैन, राहुल कुशवाह, मोहित शर्मा मौजूद रहे।

गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव 21 को

ग्वालियर। भाजपा जिला संगठन प्रभारी और पूर्व अध्यक्ष मप्र बीज निगम महेंद्र सिंह यादव द्वारा 21 अक्टूबर मंगलवार को ग्राम कुलैथ में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इसमें अन्नकूट प्रसादी भी होगी। कार्यक्रम का आयोजन तिघरा विकास समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के ग्रामवासी सम्मिलित होकर अन्नकूट प्रसाद आदि का लाभ उठाएंगे, तो वही गोवर्धन पूजा के महोत्सव का आनंद ले सकेंगे। पूर्व बीज निगम अध्यक्ष यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्रामीणों के लिए समर्पित है। इसमें भोजन भंडारे के साथ-साथ गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है आज के युग में लोग गौ माता और गोबर गोमूत्र और उपले से दूर होता जा रहा है। जबकि इसके बिना खेती करना पूरक से कम नहीं है इसलिए मुख्यमंत्री ने भी सभी किसान भाइयों से गोवर्धन पूजा करने का आग्रह किया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अब 10 फीसदी में सोलर पंप

चढ़ाव से सुरक्षा देती है. यह योजना किसान हित में सरकार की एक बड़ी पहल है. सूखे खेत को अगर पानी दे दिया जाये, तो फसल सोना हो जाती है, हम प्रदेश के हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे. मध्यप्रदेश के अन्नदाता अब ऊर्जादाता बन रहे हैं. किसान भाई अपने खेतों में सोलर पंप जरूर लगाएं. सोलर पंप लगाने से बिजली के अस्थाई कनेक्शन के खर्च से मुक्ति मिलेगी. उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश सोयाबीन स्टेट, मिलेट्स स्टेट, मसाला स्टेट, लहसुन स्टेट और संतरा स्टेट के रूप में प्रसिद्ध होकर देश का फूड बास्केट कहलाने लगा है. हमारी सरकार आने पर प्रदेश में अब 52 लाख हेक्टेयर रकबा सिंचित हुआ है. राज्य सरकार ने सिंचाई का रकबा100 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा है. किसानों को उनकी फसल का समुचित दाम मिले, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स भी स्थापित की जा रही हैं, जिससे अधिक उत्पादन होने पर किसान भाइयों को फसल फेकनी न पड़े. सरकारों ने मां नर्मदा के जल का उपयोग नहीं किया. आज वही नर्मदा सिंचाई, पेयजल और उद्योगों को पानी उपलब्ध कराती है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी गोपालक किसान धूमधाम से गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाएं. राज्य सरकार शासकीय स्तर पर गोवर्धन पूजा का त्यौहार मनाएगी. प्रदेश में प्रभु श्रीराम के ओरछा धाम को भव्य रूप दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि राम वन गमन पथ भी विकसित कर रहे हैं. भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हर स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुख्यमंत्री निवास नहीं, किसानों का अपना आवास है. जब चाहें, यहां आयें. मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल सोयाबीन के लिए 2 लाख किसानों का पंजीयन हुआ था, भावांतर योजना दोबारा शुरू होने पर 9 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों से पंजीयन करा लिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को इसी भाई दूज से 250 रुपए अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा. किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए सदैव तत्पर है. किसानों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ और मुआवजा प्रदान करने के लिए हमारी सरकार फैसले लेती है. भावांतर योजना किसानों के लिए एक वरदान बनेगी. विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण, उनकी उपज का उचित लाभ और किसानों को सम्मान निधि देने के लिए केन्द्र सरकार के साथ निरंतर समन्वय कर बेहतरीन कार्य कर रही है. नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सोयाबीन के लिये मांग करने वाले नेता गेहूं की बोरी लेकर पूर्व सीएम के यहां गये थे, जरुरी नहीं कि उसमें गेहूं ही रहा हो, भूसा भी हो सकता है. कांग्रेस ने कभी किसानों के लिये काम नहीं किया. सम्मेलन में किसानों को भावांतर योजना की जानकारी दी गई.

खाकी पर फिर लगा दाग

लिया और मौकेसे जाने दिया. बताया जा रहा है कि सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से 50 लाख रुपए की डील तय की गई थी. शिकायत के बाद मामला प्रकाश में आया, जिसमें केवल एक आरोपी को ही मामले में शामिल किया गया जबकि अन्य तस्करों को छोड़ दिया गया. निरीक्षक शिवहरे का विवादों से पुराना नाता रहा है. इससे पूर्व अफजलपुर थाने में पदस्थ रहते हुए भी उनके खिलाफ कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतें हुई थीं. एक ग्रामीण की मौत के मामले में भी उन पर आरोप लगे थे. उस समय तत्कालीन एसपी ने उन्हें हटाया था, हालांकि उन्होंने न्यायालय से स्टे लेकर दोबारा पदभार संभाल लिया था. अब एक बार फिर उन पर वही पुराने आरोप दोहराए जा रहे हैं तस्करों से लेन-देन कर कार्रवाई को कमजोर करने के. एसपी विनोद कुमार मीना अपनी सख्त कार्यशैली और पारदर्शिता के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि जिले को डोडाचूरा मुक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती राजकुमारी प्रजापति पत्नी श्री हरविलास प्रजापति ने उक्त अचल सम्पति भवन स्थित नदी पार टाल मुरार ग्वालियर में है। जिसका म्यु. भवन क्र. 1919 वार्ड क्र. 20 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री भगवंतलाल के पिताजी लालाराम पुत्र श्री पारसराम एंव माताजी श्रीमती राजाबेटी पत्नी श्री लालाराम की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. 952 ग्रन्थ नं. 917 तारीखी 01.04.1967 में मुरारीलाल पुत्र श्री जगननाथ प्रसाद से क्रय किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये गये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-गली, पश्चिम में-दुकान अनीता जैन, उत्तर में-भवन छोटेलाल, दक्षिण में -रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता के पिताजी एंव माताजी की मृत्यु हो गई और मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री भगवंतलाल वारिसान की हैसियत से उक्त अचल संपत्ति भवन की मालिक काबिज है मेरी पक्षकारा श्रीमती राजकुमारी प्रजापति पत्नी श्री हरविलास प्रजापति के विक्रेता श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री भगवंतलाल वारिसान की हैसियत से अचल सम्पति भवन कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफूट को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के परिवारिक किसी भी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा क्रयशदा अचल सम्पति भवन कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफुट पर हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक-18.10.2025
स्थान-ग्वालियर
भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

श्री रामवीर पुत्र श्री बद्रीप्रसाद के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.07. 08, 09 का भाग, स्थित महेशपुर, सिकन्दर कम्पू, ग्राम गुढ़ा, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र. 876/1/1 ग्राम गुढ़ा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1050 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-कॉलोनी दीगर, उत्तर में-भूखण्ड क्र.07 का भाग एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.09 का भाग है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सुरेश, श्री काशीराम, श्री रामवीर पुत्रगण श्री बद्रीप्रसाद, रेवती पुत्री श्री बद्रीप्रसाद, श्रीमती सीमा पत्नी स्व. श्री गोविन्द श्री हेमन्त, श्री नरेन्द्र पुत्रगण श्री गोविन्द के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रामवीर द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती रेखा जादौन पत्नी श्री तिलक सिंह जादौन के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती रेखा जादौन द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

संबंध विच्छेद आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती किरण राठौर पत्नी स्व. श्री शंकरलाल राठौर निवासी- गुड़ा गुड़ी का नाका, बजरिया कम्पू, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) के अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने परिवार सहित उपरोक्त स्थान पर रहती हूँ, मेरे पति का देहांत हो चुका है। मैं अपने बड़े पुत्र लालता राठौर एवं पुत्रवधु ममता राठौर के साथ रहती हूँ मेरी पुत्रवधु ममता राठौर के शादी के कुछ समय बाद से मेरे व मेरे परिवारजनों के साथ अभद्र व्यवहार, लड़ाई झगड़ा, गाली गलौच आदि करने लगी। उसका चालचलन भी सही नहीं है उसको समझाने के बाद भी वह अपने व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं लाई है। वह लगातार क्रूरतापूर्ण व्यवहार मेरे व मेरे परिवारजनों के साथ करती आ रही है जिससे मैं व मेरे स्व. पति मानसिक तनाव में रहने लगे जिसके चलते मेरे पति का स्वर्गवास हो चुका है। अब मैं अपनी पुत्रवधु ममता राठौर के अनैतिक व्यवहार व झगड़ालू प्रवृति के कारण सारे संबंध समाप्त करती हूँ। अब मेरा अपनी पुत्रवधु ममता राठौर एवं पुत्र लालता राठौर के साथ कोई संबंध नहीं हैं और अब मैं अपने सारे रिश्ते नाते समाप्त करना चाह रही हूँ। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय किसी भी प्रकार का लेनदेन या समव्यवहार करते हैं तो उसके लिए ममता राठौर व लालता राठौर उत्तदायी होंगे। अतः अब मैं इस आम सूचना के माध्यम से अपनी पुत्रवधु ममता राठौर व पुत्र लालता राठौर से संबंध विच्छेद कर सभी तरह के रिश्ते-नाते समाप्त करती हूँ। इस सूचना के माध्यम से आमजन को सूचित करती हूँ। मैंने अपनी पुत्र व पुत्रवधु से सारे रिश्ते-नाते समाप्त कर संबंध विच्छेद हो चुका है। अतः सूचित हो। दिनांक 18/10/2025

प्रार्थिनी- श्रीमती किरण राठौर
पत्नी स्व. श्री शंकरलाल राठौर
निवासी- गुड़ा गुड़ी का नाका, बजरिया, कम्पू, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) मोबा. 9826277616
द्वारा- गरिमा केन (एडवोकेट)

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपति क्षे. क्रं. 22 वार्ड क्रं. 62, स्थानः खेरिया मिर्धा पर स्थित है जो विक्रेता श्री.जी. डवलपर्स द्वारा पार्टनर दिनेश सिंह सिकरवार/राज बहादुर सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.9000086720 पर काबिज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 899 वर्गफुट है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. 2132526 दिनांक 17.9.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 18.10.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT- 24824 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
दिनांक-18/10/2025
राजेश शर्मा, बालकृष्ण शर्मा/भरोसी लाल शर्मा
सी-12 कृष्णा टाऊन खेरिया मिर्धा मो. 9827622199

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपति क्षे. क्रं. 22 वार्ड क्रं. 62, स्थानः खेरिया मिर्धा पर स्थित है जो विक्रेता श्री.जी. डवलपर्स द्वारा पार्टनर दिनेश सिंह सिकरवार/राज बहादुर सिंह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.9000086719 पर काबिज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 754 वर्गफुट है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A1146306 दिनांक 7.3.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 18.10.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT- 24835 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
दिनांक-18/10/2025
रामगोपाल माहौर/फुन्नेलाल माहौर
सी-43 कृष्णा टाऊन खेरिया मिर्धा मो. 9165321342

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्र 53,भवन क्रं 1610, स्थान इगले की गोठ लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि दीपक हसीजा/करतार हसीजा नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1001397879 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 330वर्गफु ट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं 01012105082025002393 दिनांक 05.08.2025 प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिधी कॉलोनी बरार समाज क्षे.क्र 20, पर दिनांक 09.10.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/64639/64734 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 18.09.2025
आवेदक-पूनम बजाज/मनोज बजाज, पता-इगले की गोठ लश्कर ग्वा0 मो0-7049891306